


Established in 1953


# DARSHAN SAH COLLEGE

## KATIHAR (Bihar)

(A Constituent unit of B.N. Mandal University, Madhepura)





# PROSPECTUS
# विवरणिका



Sl. No. 1699

## *Goals & Objectives*

*"The basic goal of the institution is to impart qualitative and innovative teaching to the students of one of the most backward areas of the state. The major consideration addressed to the goals and objectives are education, training, employment, research, sports and extra-curricular activities."*



संस्थापक एवं नामित महापुरुष
स्व० दर्शन साह

# प्रधानाचार्य की कलम से.....





भारतवर्ष, बंगलादेश तथा नेपाल की अन्तर सीमाओं और उत्तर-राज्यों को राष्ट्र की समग्रता से जोड़ने के कारण प्रशासकीय तथा सामरिक दृष्टि से अतिशय महत्त्वपूर्ण होते हुए भी कटिहार जिला उपेक्षित रहा है। सचमुच कोसी, महानन्दा और गंगा के मुहाने पर अवस्थित कटिहार का यह 'मैला आँचल' भूदान पुरोधा स्व० वैद्यनाथ चौधरी, उपन्यासकार स्व० अनूपलाल मण्डल, वनफूल, लक्ष्मी नारायण सुधांशु, जर्नादन प्रसाद झा 'द्विज', अमर कथाशिल्पी स्व० फणीश्वर नाथ 'रेणु' और अमर शहीद छात्र ध्रुव कुण्डू सरीखे सपूतों को जन्म देने के बावजूद आज एक प्रश्नाकुल छवि ही प्रस्तुत करता है।

इसी 'मैला आँचल' में कुछ मनीषियों की महाकल्पना से उद्भूत ज्ञान तथा विद्या की पुण्यस्वरूपा गंगोत्री 'डी० एस० कॉलेज, कटिहार' के रूप में 1 अगस्त 1953 को अवतरित हुई। इस महाविद्यालय का सौभाग्य रहा कि इसे स्व० दर्शन साह, स्व० रामबाबू सिंह तथा स्व० कालीचरण यादव जैसे उदारमना लोगों की संचित सदाशयता उपलब्ध हो पायी।

स्व० ब्रह्मदेव ना० सिन्हा के नेतृत्व में डी०एस०कॉलेज त्वरित गति से सफलता के सोपान पर उत्तरोत्तर चढ़ने लगा। अल्पकाल में ही सुधी शिक्षकों तथा विद्याभिलाषी छात्र-छात्राओं के लिए इस कॉलेज की उपलब्धियाँ गर्व का विषय बन गयीं। बिहार विश्वविद्यालय, भागलपुर विश्वविद्यालय तथा ललित ना० मिथिला विश्वविद्यालय की सुदीर्घ यात्रा करता हुआ यह महाविद्यालय आज भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की एक अग्रणी इकाई के रूप में मान्य है। विभिन्न विश्वविद्यालयों में, विभिन्न संकायों और विषयों में यहाँ के छात्र प्रथम आते रहे। पठन-पाठन के साथ-साथ खेल-कूद, कला- संस्कृति तथा अन्यान्य आनुषंगिक क्षेत्रों में भी यहाँ के छात्र हमेशा अग्रणी बने रहे। यहाँ के छात्र-छात्राओं ने प्रान्तीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी। यहाँ के कई शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति मिली।

महाविद्यालय में 'इग्नू' का अध्ययन केन्द्र सफलतापूर्वक चल रहा है। सत्र 2007 से समृद्ध कम्प्यूटर लैब के साथ B.C.A. तथा B.B.A. के पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो चुके हैं और सूचना-प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के क्षेत्र में अभिरुचि रखने वाले छात्रों के लिए व्यापक अवसर प्रदान करने की दिशा में हम अग्रसर हैं। वैश्विक स्तर की कम्पनियों द्वारा महाविद्यालय में पाँच-दिवसीय Job-Fair के क्रम में कई छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। उसके बाद से Campus Selection तथा Counselling का क्रम अनवरत जारी है। विज्ञान संकाय में सीड-टेक्नोलॉजी तथा इन्डस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई की स्वीकृति यू०जी०सी० से प्राप्त हो चुकी है। इन्हें यथाशीघ्र प्रारम्भ करने का प्रयास जारी है। वाणिज्य तथा कला संकायों की ओर से भी कई Career Oriented Course प्रस्तावित हैं। UGC की 11वीं योजना के तहत Internet Resource Centre एवं Remedial Course की पढ़ाई की व्यवस्था की गयी है।

आइए, अपने कर्त्तव्यों तथा दायित्वों के प्रति पूर्ण रूप से निष्ठावान् हो कर हम सभी समवेत रूप से संकल्प लें कि ज्ञान-गंगा की इस अप्रतिम धारा को सदा अक्षुण्ण बनाए रखेंगे। छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ...

**डॉ० पवन कुमार झा**
प्रधानाचार्य

## महाविद्यालय शासी निकाय — अध्यक्षों एवं सचिवों की सूची

### अध्यक्षों की सूची

| | | | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरिवंशी सहाय | – | 1953-54 |
| 2. | श्री दंगल प्रसाद सिंह (एस०डी०ओ०) | – | 1954-56 |
| 3. | श्री एस० आर० गोप (एस०डी०ओ०) | – | 1956-58 |
| 4. | श्री बी० एन० सिंह (एस०डी०ओ०) | – | 1958-60 |
| 5. | श्री आई० के० शरण (एस०डी०ओ०) | – | 1960-62 |
| 6. | श्री एस० एन० सिंह (एस०डी०ओ०) | – | 1962-64 |
| 7. | श्री राजीव रंजन (एस०डी०ओ०) | – | 1965-68 |
| 8. | श्री वाई० एन० झा (एस०डी०ओ०) | – | 1969-71 |
| 9. | श्री बी० एन० झा (एस०डी०ओ०) | – | 1971-73 |
| 10. | श्री आर० सी० ए० जैन, भा०प्र०से० (डी०एम०) | – | 1973-75 |

### सचिवों की सूची

| | | | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री दीनानन्द सिंह झा | – | 1953-54 |
| 2. | श्री हरिवंशी सहाय | – | 1954-55 |
| 3. | श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता | – | 1956-59 |
| 4. | श्री लक्ष्मी नारायण साह | – | 1960-73 |
| 5. | श्री टी० नन्द कुमार, भा०प्र०से० (एस०डी०ओ०) | – | 1973-75 |

## दर्शन साह महाविद्यालय

स्थापित : 1953

### प्रधानाचार्यों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ब्रह्मदेव नारायण सिन्हा | – | 1.9.53-30.9.80 |
| 2. | डॉ रामलखन राम | – | 1.10.80-31.3.83 |
| 3. | श्री कृष्णनन्दन सहाय | – | 1.4.80-30.9.84 |
| 4. | श्री रामदहिन सिंह | – | 1.10.84.30.6.85 |
| 5. | श्री इन्द्रदेव प्रसाद गुप्त | – | 1.7.85-31.1.89 |
| 6. | डॉ अब्दुल गफूर | – | 1.2.89-31.12.90 |
| 7. | डॉ० बालकृष्ण झा | – | 1.1.91-30.6.91 |
| 8. | डॉ० शारदा प्रसाद सिंह | – | 1.7.91-31.8.91 |
| 9. | डॉ शशिभूषण प्रसाद (अमल) | – | 1.9.91-27.11.91 |
| 10. | डॉ राम प्रसाद भगत | – | 28.11.91-22.2.93 |
| 11. | श्री राजेन्द्र प्रसाद | – | 23.2.93.-31.8.95 |
| 12. | डॉ० दामोदर प्रसाद सिंह | – | 1.9.95-22.7.99 |
| 13. | श्री गौतम प्रसाद सिंह | – | 23.7.99-16.3.2001 |
| 14. | डॉ० दामोदर प्रसाद सिंह | – | 16.3.2001-31.3.03 |
| 15. | डॉ० सृष्टिधर झा 'विजय' | – | 1.2.03-31.1.06 |
| 16. | डॉ० अशोक कुमार सिंह | – | 1.2.06-10.8.08 |
| 17. | डॉ० सुरेश प्रसाद यादव | – | 11.2.08-4.5.13 |
| 18. | डॉ० पवन कुमार झा | – | 5.5.13 |

# शिक्षकों की विभागवार सूची

## प्रधानाचार्य

**डॉ० पवन कुमार झा**

## अर्थशास्त्र विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० शैलेन्द्र कुमार झा | – | विश्वविद्यालय आचार्य |
| 2. | डॉ० मिहिर कुमार ठाकुर | – | सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |
| 3. | श्री अभिषेक आनन्द | – | सहायक प्राध्यापक |
| 4. | श्री अमरनाथ ठाकुर | – | सहायक प्राध्यापक (प्रतिनियोजित) |

## मनोविज्ञान विभाग

## राजनीति विज्ञान विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० सत्यनारायण मंडल | – | सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |
| 2. | डॉ० पवन कुमार झा | – | वि. वि. आचार्य |

## इतिहास विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मदन कुमार झा | – | वरीय व्याख्याता एवं विभागाध्यक्ष (प्रतिनियोजित) |

## दर्शनशास्त्र विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० विलास कुमार झा | – | सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |
| 2. | डॉ० वीणा रानी | – | सहप्राध्यापक |

## हिन्दी विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० कामेश्वर पंकज | – | सहप्राध्यापक |
| 2. | डॉ० सुरेन्द्र नारायण यादव | – | सहप्राध्यापक |
| 3. | श्री सुरेन्द्र कुमार जायसवाल | – | सहायक प्राध्यापक |
| 4. | श्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय | – | सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |

## अंग्रेजी विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० मुरारी प्रसाद | – | सहप्राध्यापक |
| 2. | श्री मंजीत मोहन | – | सहप्राध्यापक |
| 3. | श्री प्राणमोहन मिश्र | – | सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |
| 4. | डॉ० चन्द्रभूषण लाल दास | – | सहप्राध्यापक |
| 5. | डॉ० अरविन्द कुमार ठाकुर | – | वरीय सहायक प्राध्यापक |
| 6. | डॉ० जगदीश चन्द्र | – | सहायक प्राध्यापक |
| 7. | श्री सुमित सिंघा | – | सहायक प्राध्यापक |

## उर्दू विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० अनवर हुसैन | – | वरीय सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |

## मैथिली विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० नारायण कुमार झा | – | सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष |

## वाणिज्य विभाग

1. डॉ० अशोक कुमार सिंह - वि० वि० आचार्य
2. डॉ० महेन्द्र ना० झा - सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष

## भौतिकी विभाग

1. डॉ० दिलीप कुमार झा - प्रतिनियोजित
2. डॉ० विजय कुमार चौधरी - प्रतिनियोजित

## रसायन शास्त्र विभाग

1. डॉ० अरविन्द कुमार - सहप्राध्यापक
3. डॉ० विनोद कुमार ओझा - सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष

## वनस्पति विज्ञान विभाग

1. डॉ० संजीव कुमार सिंह - वरीय सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष

## जन्तु विज्ञान विभाग

1. प्रो० सुमन कुमार झा - सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष

## गणित विभाग

1. डॉ० अश्विनी कु० मिश्र - वरीय सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष


## बी.सी.ए. (Bachelor in Computer Applications)

1. डॉ० मिहिर कु० ठाकुर - समन्वयक


## बी.बी.ए. (Bachelor in Business Administration)

## इंदिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)

1. डॉ० सुरेन्द्र नारायण यादव - समन्वयक
2. डॉ० कामेश्वर पंकज - सहायक समन्वयक
3. डॉ० मिहिर कुमार ठाकुर - सहायक समन्वयक
4. श्री सुरेन्द्र कुमार जायसवाल - सहायक समन्वयक
5. डॉ० सुरेन्द्र झा - सहायक समन्वयक









# शिक्षकेतर कर्मचारियों की सूची

## तृतीय वर्गीय कार्यालय सहायक


1. श्री प्रदीप कुमार – प्रो० प्रधान सहायक
2. श्री राजकुमार सिंह झा – प्र० लेखापाल
3. श्री जेठा हेम्ब्रम – टंकक
4. श्री गौरीकान्त झा – सहायक
5. श्री रथीन्द्र नाथ बर्मन – टंकक
6. श्री नागेश कुमार सिंह झा – भंडारपाल
7. डॉ० आनन्दादित्य अगस्त्य ओंकार – सहायक
8. श्री अमरप्रताप सिंह – सहायक
9. श्री ब्रजेन्द्र लाल महतो – भंडारपाल
10. श्री सुधीर रमाणी – सहायक
11. श्री संजीव कुमार झा – सहायक (वि० वि० मुख्यालय में प्रतिनियोजित)
12. श्री प्रवीण कुमार चौधरी – दिनचर्या लिपिक (वि० वि० मुख्यालय में प्रतिनियोजित)

## शारीरिक शिक्षा अनुदेशक

1. मो० अमीरूल हसन खान

## पुस्तकालय

1. श्री शम्भु कुमार यादव – पुस्तकालय प्रभारी



# चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की सूची

## चतुर्थवर्गीय कर्मचारी

1. श्री ब्रजेन्द्र मंडल – प्रयोगशाला वाहक (वनस्पति विज्ञान)
2. श्री दिनेश कुमार चौधरी – प्रयोगशाला वाहक (जन्तु विज्ञान)
3. श्री विकास कुमार – प्रयोगशाला वाहक (जन्तु विज्ञान)
4. श्री उत्तम लाल यादव – आदेशपाल
5. श्री सुशील कुमार झा – आदेशपाल
6. श्री प्रकाश कुमार सिंह – आदेशपाल
7. श्री अनिल कुमार यादव – आदेशपाल
8. श्री सिंहेश्वर जमादार – स्वीपर
9. श्रीमती मुनिया देवी – स्वीपर

# समितियाँ एवं कार्यभार

### सलाहकार समिति

1. डॉ० सत्यनारायण मंडल
2. डॉ० वीणा रानी
3. डॉ० सुरेन्द्र नारायण यादव
4. प्रो० पी० एम० मिश्र
5. प्रो० सुमन कुमार झा

### नामांकन समिति

1. डॉ० संजीव कुमार सिंह
2. प्रो० मदन कुमार झा
3. प्रो० सुमन कुमार झा
4. डॉ० मिहिर कुमार ठाकुर
5. श्री प्रदीप कुमार

### प्रकाशन समिति

1. डॉ० कामेश्वर पंकज
2. प्रो० मंजीत मोहन
3. प्रो० प्राणमोहन मिश्र
4. श्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय

### महाविद्यालय छात्र अनुशासन समिति

1. डॉ० एस०एन० मंडल
2. डॉ० वी० के० ओझा
3. डॉ० शैलेन्द्र कुमार झा
4. डॉ० अनवर हुसैन
5. डॉ० वीणा रानी
6. डॉ एम० के० ठाकुर

### पुस्तकालय समिति

1. डॉ० सुरेन्द्र नारायण यादव
2. डॉ० मुरारी प्रसाद
3. डॉ० सत्यनारायण मंडल
4. डॉ० महेन्द्र नारायण झा
5. डॉ० संजीव कुमार सिंह

## छात्रावास सलाहकार समिति

1. प्रो० (डॉ०) अशोक कुमार सिंह-संयोजक
2. डॉ० अरविन्द कुमार ठाकुर
3. डॉ० विलास कुमार झा
4. डॉ अनवर हुसैन

## क्रीड़ा समिति

1. डॉ० एस० के० झा
2. डॉ० ए०के० मिश्र
3. श्री प्राणमोहन मिश्र
4. डॉ० वीणा रानी
5. डॉ० जगदीश चन्द्र

## कला एवं संस्कृति परिषद्

1. डॉ० मुरारी प्रसाद
2. डॉ० अरविन्द कुमार ठाकुर
3. डॉ० अनवर हुसैन
4. डॉ० वीणा रानी
5. श्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय

## वर्ग तालिका

1. डॉ० कामेश्वर पंकज
2. डॉ० विलास कुमार झा

## छात्र शिकायत कोषांग

1. प्रो० एस०एन० मंडल
2. प्रो० मदन कुमार झा
3. श्री सुमन कुमार झा
4. डॉ० मिहिर कुमार ठाकुर

## महाविद्यालय परिसम्पदा समिति

1. डॉ० जगदीश चन्द्र
2. डॉ० अरविन्द कुमार ठाकुर
3. डॉ० अरविन्द कुमार
4. डॉ० कामेश्वर पंकज
5. डॉ विलास कुमार झा

## महाविद्यालय विकास समिति

1. प्रधानाचार्य- अध्यक्ष
2. विश्वविद्यालय प्रतिनिधि
3. विश्वविद्यालय अभियंता
4. डॉ० एस०एन० मंडल
5. अर्थपाल (आय)-पदेन
6. अर्थपाल (व्यय)-पदेन
7. प्रो० सुमन कुमार झा
8. डॉ एस०एन० यादव

## भवन समिति

1. प्रधानाचार्य- अध्यक्ष
2. डॉ० एस०एन० यादव
3. डॉ० एस०एन० मंडल
4. श्री सुमन कुमार झा
5. विश्वविद्यालय प्रतिनिधि
6. विश्वविद्यालय अभियंता
7. अर्थपाल (आय)-पदेन
8. अर्थपाल (व्यय)-पदेन
9. डॉ० एम० के० ठाकुर

8\. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल (कटिहार)

## वित्त समिति

1. प्रधानाचार्य-अध्यक्ष
2. डॉ० सत्यनारायण मंडल
3. डॉ० मिहिर कुमार ठाकुर
4. अर्थपाल (आय)-पदेन
5. अर्थपाल (व्यय)-पदेन

## क्रय समिति

1. प्रधानाचार्य - अध्यक्ष
2. डॉ० एस०एन० यादव
3. डॉ० एस०एन० मंडल
4. अर्थपाल (आय)-पदेन
5. अर्थपाल (व्यय)-पदेन

5\. डॉ० संजीव कुमार सिंह

## पर्यावरण संरक्षण सह प्रदूषण निषेध समिति

1. डॉ० संजीव कुमार सिंह- संयोजक
2. डॉ० सत्यनारायण मंडल
3. डॉ० अनवर हुसैन
4. डॉ० मिहिर कु० ठाकुर

## विज्ञान परिषद्

1. डॉ० अरविंद कुमार
2. डॉ० संजीव कुमार सिंह
3. प्रो० सुमन कुमार झा
4. डॉ० वी० के० ओझा

## प्रताड़ना निरोध समिति

1. डॉ० वीणा रानी
2. डॉ० एम० के० ठाकुर
3. श्री एस० के० जायसवाल
4. डॉ० ए० के० मिश्रा

## कला परिषद्

1. श्री प्राणमोहन मिश्र
2. डॉ० अनवर हुसैन
3. श्री सुरेन्द्र कुमार जायसवाल
4. श्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय

## वाणिज्य परिषद्

2. डॉ० अशोक कुमार सिंह
3. डॉ० महेन्द्र नारायण झा

## राष्ट्रीय सेवा योजना समिति

1. डॉ० ए० के० मिश्रा
2. श्री सुरेन्द्र कुमार जायसवाल
3. डॉ० अरविंद कुमार ठाकुर

## नेशनल कैडेट कोर (NCC)

1. ले० (डॉ०) मिहिर कुमार ठाकुर

## सेमिनार समिति

1. डॉ० अनवर हुसैन
2. प्रो० (डॉ०) अशोक कुमार सिंह
3. डॉ० मुरारी प्रसाद
4. डॉ० संजीव कुमार सिंह
5. डॉ० अरविन्द कुमार ठाकुर

## अभिप्रमाणक समिति

1. डॉ० अश्विनी कुमार मिश्रा
2. डॉ० सुरेन्द्र नारायण यादव
3. डॉ० चन्द्रभूषण लाल दास
4. डॉ० सत्यनारायण मंडल
5. डॉ० अनवर हुसैन

## लोक सूचना पदाधिकारी

1. डॉ० अनवर हुसैन

## पूर्ववर्त्ती छात्र संघ

1. श्री श्याम सुन्दर पुरनमलका
2. श्री अरविन्द पटेल
3. डॉ० सुधीर
4. डॉ० रामनिवास शर्मा
5. श्री प्रदीप कुमार

## स्टॉफ काउन्सिल

1. प्रधानाचार्य – अध्यक्ष
2. वरिष्ठतम शिक्षक-सचिव डॉ० शैलेन्द्र कुमार झा

## IQAC समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. Dr. Pawan Kumar Jha | Principal | Director |
| 2. Dr. Vinod Kumar Ojha | Asso. Professor | Coordinator |
| 3. Dr. S. N. Yadav | Asso. Professor | Member |
| 4. Dr. Mihir Kumar Thakur | Asso. Professor | Member |
| 5. Sri Pradip Kr. | Assistant | Member |
| 6. Dr. N. R. Khan Jalali | Member External Social Representative | |
| 7. Sri Anil Kr. Chamaria | Member External Industrial Representative | |






# सामान्य नियम एवं निर्देश
## नियमावली

1. सत्र 1 जून से प्रारम्भ होता है।
2. नामांकन के लिए आवेदन महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त विहित प्रपत्र में करना आवश्यक है। आवेदन करते समय अभ्यर्थी को आवेदन प्रपत्र के साथ अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा के अंकपत्र, प्रवेशपत्र और अन्तिम छोड़े हुए संस्थान के परित्याग प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक है।
3. नामांकन हेतु चयन में राज्यसरकार के नामांकन से संबंधित नियमों के अनुरूप आरक्षण दिया जाएगा। आरक्षित स्थान पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ कम सं० 2 में अंकित प्रमाणपत्रों के अतिरिक्त जाति, आवास एवं आय से संबंधित प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक है।
4. प्रवेश मेधासूची के आधार पर दिया जाएगा। यह अभ्यर्थी के द्वारा समर्पित अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा के प्राप्तांकों पर आधारित होगा।
5. प्रवेश के समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित प्रमाणपत्र/अभिलेख अनिवार्यतः देना होगा। यह किसी भी स्थिति में वापस नहीं होगा।

   (क) अंतिम छोड़े हुए संस्थान का परित्याग प्रमाणपत्र (मूल प्रति)

   (ख) अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा (योग्यता प्रदाय परीक्षा) का प्रवेश पत्र (अभिप्रमाणित प्रति)

   (ग) अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा (योग्यता प्रदाय परीक्षा) का अंक पत्र (अभिप्रमाणित 2 प्रति)

   (घ) हाल का खिंचवाया हुआ पासपोर्ट साईज का श्याम-श्वेत फोटो-3 प्रति।

   **जाति आरक्षित अभ्यर्थी**

   (ङ) जाति प्रमाणपत्र (अभिप्रमाणित प्रति)

   (च) आय प्रमाणपत्र (मूल प्रति) एक साल के अन्दर का बना हुआ। (जाति एवं आय प्रमाणपत्र प्रखण्ड/अंचल कार्यालय से निर्गत होना चाहिए)

   **अन्य आरक्षित अभ्यर्थी**

   (छ) संबंधित आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र (अभिप्रमाणित प्रति)
6. प्रवेश के समय सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियाँ साथ लाना तथा नामांकन पदाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
7. सामान्यतः संकाय (फैकल्टी) या विषय परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी संकाय एवं विषय का चयन सोच-समझकर करें।
8. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/बिहार इन्टरमीडिएट शिक्षा परिषद्/भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य बोर्ड / परिषद् / विश्वविद्यालय से प्रवजन कर आने वाले अभ्यर्थियों के नामांकन के समय या महाविद्यालय के द्वारा निर्धारित समयसीमा के अन्दर प्रव्रजन प्रमाणपत्र की मूल प्रति निर्धारित शुल्क के साथ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
9. नामांकित सभी छात्र-छात्रओं को सूचीकरण /पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
10. नामांकित प्रत्येक छात्र-छात्रा को महाविद्यालय से परिचयपत्र दिया जाएगा। छात्र-छात्रा को उक्त परिचयपत्र महाविद्यालय आने पर हमेशा अपने पास रखना तथा मांगे जाने पर या किसी कागजात के अग्रसारण / सत्यापन के समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
11. परिचयपत्र खो जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र के साथ 10 रु० शुल्क जमा करने पर नियमानुसार जाँचोपरान्त द्वितीयक परिचय पत्र निर्गत किया जाएगा।
12. शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्कों का नामांकन के समय एवं महाविद्यालय के नियमानुसार भुगतान अनिवार्य है, अन्यथा नाम कट जाने की स्थिति में निर्धारित प्रवेश शुल्क लेकर ही पुनः नामांकन किया जाएगा।
13. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/विश्वविद्यालय की परीक्षा हेतु उत्प्रेषित (सेन्टअप) होने के लिए न्यूनतम 75 (पचहत्तर) प्रतिशत वर्गोपस्थिति अनिवार्य है।
14. पुस्तकालय एवं बुकबैंक से पुस्तकों की आपूर्ति महाविद्यालय पुस्तकालय एवं बुकबैंक के नियमानुसार पुस्तकों की उपलब्धता पर की जाएगी।
15. महाविद्यालय परिसर के अन्दर अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। महाविद्यालय से निष्कासित भी किया जा सकता है।
16. कोई छात्र-छात्रा जिस वर्ष की परीक्षा के लिए उत्प्रेषित हुआ हो, उसके बाद स्नातक में मात्र तीन वर्ष तक पूर्ववर्ती (नन-कॉलेजिएट) परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने का अधिकारी है।
17. नियमित/पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को निर्धारित अवधि तक परीक्षा प्रपत्र शुल्क सहित महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर देना होगा।
18. छात्र-छात्राओं को घर जाने के लिए रियायती रेल टिकट पूजावकाश और ग्रीष्मावकाश में ही दिया जाएगा।

19. कटिहार नगर के आसपास के रेल स्थानकों (स्टेशन) से प्रतिदिन महाविद्यालय आने एवं वापस घर जाने के लिए आवेदन करने पर छात्र-छात्राओं को मासिक रियायती रेल टिकट दिया जाएगा।


20. महाविद्यालय के सभी शुल्कों की अदायगी के उपरान्त ही स्थानान्तरण प्रमाणपत्र, महाविद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र एवं चरित्र प्रमाणपत्र आवेदन करने पर दिया जाएगा।

21. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र/महाविद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र का शुल्क मासिक शुल्क के बराबर तथा चरित्र प्रमाणपत्र का शुल्क 2/- (दो) रुपये निर्धारित है। आवेदन पत्र के साथ शुल्क जमा करने की तिथि के दूसरे दिन कार्यालय अवधि की समाप्ति के एक घंटा पूर्व उपर्युक्त प्रमाणपत्र छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा। अति आवश्यक स्थिति में उसी दिन उक्त प्रमाणपत्र देने के लिए स्थानान्तरण प्रमाण पत्र/महाविद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र हेतु दुगुनी राशि एवं चरित्र प्रमाणपत्र हेतु 5/- (पाँच) रु० तत्काल (अर्जेन्ट) शुल्क जमा करने पर उसी दिन कार्यालय अवधि समाप्ति के अधिकतम एक घंटा पूर्व छात्र-छात्रा को दिया जाएगा।

22. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र/महाविद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र खो जाने या नष्ट हो जाने की स्थिति में न्यायिक दण्डाधिकारी से प्राप्त इस आशय का मूल शपथपत्र आवेदन पत्र के साथ महाविद्यालय में जमा करने पर निर्धारित औपचारिकताओं को नियमानुसार पूरा करने पर निर्धारित शुल्क लेकर ही द्वितीयक, निर्गत किया जाएगा।

**महाविद्यालय समयसारणी के अनुसार वर्ग संचालन विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्र-छात्राओं के लिए प्रातःकालीन सत्र में एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए दिवा सत्र में किया जाता है। परिस्थिति विशेष में इसमें परिवर्तन संभव है।**

★ ★ ★



# सामान्य नियम एवं निर्देश
## अनुशासन

**महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अनुशासन के निम्नलिखित सामान्य नियमों का समरूप पालन करना अनिवार्य है।**

1. प्रत्येक छात्र-छात्रा से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने खाली समय का सदुपयोग पुस्तकालय में जाकर अध्ययन करने में, कॉमन रूम में मनोरंजन करने में या खेल-कूद में करेंगे।

2. महाविद्यालय में व्याख्यान की अवधि में किसी भी अभ्यागत को छात्र/छात्रा से मिलने की अनुमति नहीं है।


3. महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपना परिचय पत्र अपने साथ रखना अनिवार्य है।

4. महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक छात्र-छात्रा से यह अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय की सम्पत्ति की सुरक्षा करने में अपना योगदान देंगे।

5. महाविद्यालय की स्थायी या अस्थायी सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने या स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त करने वाले छात्र-छात्रा से जुर्माना सहित क्षतिपूर्त्ति वसूल की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन इसके अलावा अन्य दण्डात्मक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

6. महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल स्टैण्ड की समुचित व्यवस्था है। प्रत्येक छात्र-छात्रा का यह कर्त्तव्य है कि वह अपनी साइकिल महाविद्यालय अवधि में साइकिल स्टैण्ड में ही रखे। ऐसा नहीं करने पर आर्थिक दण्ड भी लगाया जा सकता है।

7. महाविद्यालय परिसर में/महाविद्यालय की दीवारों पर थूक/पीक फेंकना, नारा लिखना, अवांछित शब्द/वाक्य लिखना तथा पोस्टर चिपकाना सख्त मना है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# अध्यापन के विषय
## कक्षा 11वीं एवं 12वीं स्तर के लिए

**11वीं एवं 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कुल 500 अंक निर्धारित हैं।**

### A. वैकल्पिक विषय समूह

1. गणित
2. भौतिकी
3. रसायन शास्त्र
4. जीव विज्ञान
5. कम्प्यूटर साईंस
6. इतिहास
7. राजनीतिशास्त्र
8. अर्थशास्त्र
9. मनोविज्ञान
10. दर्शनशास्त्र
11. बिजनेस स्टडीज
12. एकाउन्टेंसी
13. इन्टरप्रेन्योरशिप
14. अर्थशास्त्र(वाणिज्य)

**वैकल्पिक विषयों में से किन्हीं तीन का चयन अपेक्षित है। प्रत्येक विषय के लिए 100 अंक निर्धारित हैं।**

### B. भाषा समूह

1. हिन्दी
2. उर्दू
3. अंग्रेजी
4. संस्कृत
5. बंगला
6. मैथिली
7. फारसी

**भाषा समूह में से किसी एक भाषा का चयन करना है जो 100 अंकों का होगा।**

### C. अनिवार्य विषय

तीनों संकाय के छात्रों के लिए अनिवार्य है जो 50 अंको का होगा।

### D. ऐच्छिक विषय

इसमें 50 अंकों की किसी एक मातृभाषा का चयन करना अनिवार्य है, जिसमें मात्र तीन विषय यथा (i) Alternative English, (ii) उर्दू, (iii) मैथिली अनुमित हैं।

### E. अतिरिक्त विषय

वैकल्पिक विषय समूह में से 100 अंकों का कोई एक विषय आवेदक चयन कर सकता है। लेकिन परीक्षाफल की श्रेणी सिर्फ 500 अंकों पर निर्धारित होगी।

### प्रवेश हेतु अर्हता

बिहार माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ग्यारहवीं कक्षा में चयन के आधार पर प्रवेश पाने के अधिकारी हैं।

ग्यारहवीं कक्षा में महाविद्यालय स्तर पर आंतरिक परीक्षा होगी जिसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ग्यारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का ही बारहवीं कक्षा में नामांकन होगा।

*शिक्षकों की उपलब्धता देखकर छात्र विषय का चयन करें।

** नामांकन के बाद विषय परिवर्त्तन निषेध है।



# अध्यापन के विषय

## कला संकाय

1. हिन्दी 2. अंग्रेजी 3. उर्दू 4. फारसी 5. संस्कृत
6 बंगला 7. मैथिली 8. इतिहास 9. अर्थशास्त्र 10. राजनीतिविज्ञान
11. मनोविज्ञान 12. दर्शनशास्त्र 13. गणित

## विज्ञान संकाय

1. भौतिकी 2. रसायनशास्त्र 3. वनस्पति विज्ञान 4. जन्तुविज्ञान 5. गणित

## वाणिज्य संकाय

1. एकाउन्ट्स ग्रुप 2. कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन ग्रुप

### स्नातक परीक्षा (त्रिवर्षीय प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम)

स्नातक कला/विज्ञान/वाणिज्य प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम त्रिवर्षीय होने के कारण इसके अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम को तीन खण्डों में विभाजित किया गया है। यह क्रमशः स्नातक (प्रतिष्ठा) प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय खण्ड के नाम से जाना जाता है।

त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम रहने के कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय खण्डों की अलग-अलग परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

| | प्रतिष्ठा के विषय | आनुषंगिक विषय | राष्ट्रभाषा | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम खण्ड | 2 पत्र (पत्र I तथा II) | 2 पत्र (पत्र I किन्हीं दो विषयों से) | 1 पत्र (पत्र I) | | 5 पत्र |
| द्वितीय खण्ड | 2 पत्र (पत्र III तथा IV) | 2 पत्र (पत्र II किन्हीं दो विषयों से) | 1 पत्र (पत्र II) | | 5 पत्र |
| तृतीय खण्ड | 4 पत्र (पत्र V, VI, VII तथा VII) | – | – | 1 पत्र सामान्य ज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन | 5 पत्र |
| योग | 8 पत्र | 4 पत्र | 2 पत्र | 1 पत्र | 15 पत्र |



# स्नातक प्रतिष्ठा के लिए
# अध्यापन के विषय

## स्नातक-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

### अनिवार्य विषय-कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय

1. **राष्ट्रभाषा हिन्दी-** (100 अंक) केवल स्नातक प्रथम एवं द्वितीय खंड में। अहिन्दी भाषी अभ्यर्थी 50 अंकों की अहिन्दी एवं 50 अंकों की मातृभाषा का अध्ययन कर सकते हैं।

2. **सामान्य एवं पर्यावरण अध्ययन :-** स्नातक तृतीय खण्ड की परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों के लिए 50 अंकों का सामान्य अध्ययन एवं 50 अंको का पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य है।

## प्रतिष्ठा एवं आनुषंगिक विषय

### कला संकाय-

स्नातक प्रथम एवं द्वितीय खंड में प्रतिष्ठा विषय के दो-दो पत्र एवं तृतीय खण्ड में चार पत्र, कुल आठ पत्रों, का अध्ययन करना होगा। प्रत्येक पत्र का पूर्णांक 100 है।

प्रतिष्ठा विषय के अतिरिक्त अपने संकाय के विषय समूह में से किन्हीं दो विषयों का चयन आनुषंगिक विषय के रूप में करना होगा। इसका अध्ययन प्रथम एवं द्वितीय खण्ड में करना है। यदि कोई अभ्यर्थी भाषा एवं साहित्य में से ही किसी एक विषय में प्रतिष्ठा का चयन करता है तो वह एक से अधिक भाषा का चयन आनुषंगिक विषय के रूप में नहीं कर सकता है।

### विज्ञान संकाय -

स्नातक प्रथम एवं द्वितीय खंड में प्रतिष्ठा विषय के दो-दो पत्र एवं तृतीय खण्ड में चार पत्र, कुल आठ पत्रों, का अध्ययन करना होगा। प्रत्येक पत्र का पूर्णांक 100 है। (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक)

प्रतिष्ठा विषय के अतिरिक्त अपने विषय (जीव विज्ञान एवं गणित) समूह में से किन्हीं दो विषयों का चयन आनुषंगिक विषय के रूप में करना अनवार्य होगा। इसका अध्ययन प्रथम एवं द्वितीय खण्ड में करना है।

### वाणिज्य संकाय -

स्नातक प्रतिष्ठा के प्रत्येक खण्ड में निम्नलिखित विषय/पत्र का प्रतिष्ठा एवं आनुषंगिक विषय के रूप में अध्ययन करना अनवार्य होगा। प्रत्येक पत्र का पूर्णांक 100 है।

#### एकाउन्ट्स ग्रुप-

**प्रथम खण्ड-**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 1. | फाइनेन्शियल एकाउन्टिंग |
| | 2. | ऑडिटिंग |



| | | |
|---|---|---|
| आनुषंगिक पत्र | (i) बिजनेस ऑरगेनाइजेशन | (ii) प्रिंसिपल्स ऑफ इकोनॉमिक्स |

**द्वितीय खण्ड-**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 3 बिजनेस लॉ | 4 स्पेसियलाइज़्ड एकाउन्टिंग |
| आनुषंगिक पत्र | (iii) मनी एण्ड बैंकिंग | (iv) प्लानिंग एण्ड इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन इंडिया |

**तृतीय खण्ड-**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 5 सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस | 6 कॉर्पोरेट फाइनेन्स |
| | 7 टैक्सेशन लॉ एण्ड एकाउन्ट्स | 8 बिजनेस स्टेटिस्टिक्स |

**कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन ग्रुप-**

**प्रथम खण्ड-**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 1. बिजनेस ऑरगेनाइजेशन | 2. कम्पनी लॉ एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन |
| आनुषंगिक पत्र | (i) फाइनेन्शियल एकाउन्टिंग | (ii) प्रिंसिपल्स ऑफ इकोनॉमिक्स |

**द्वितीय खण्ड**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 3. बिजनेस लॉ | 4. कम्पनी एकाउन्ट्स |
| आनुषंगिक पत्र | (iii) मनी एण्ड बैंकिंग | (iv) प्लानिंग एण्ड इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन इंडिया |

**तृतीय खण्ड**

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिष्ठा के पत्र | 5. सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस | 6. कॉर्पोरेट फाइनेन्स |
| | 7. टैक्सेशन लॉ एण्ड एकाउन्ट्स | 8. बिजनेस स्टेटिस्टिक्स |

## स्नातकोत्तर शिक्षा

| विषय | | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. हिन्दी | – | 48 |
| 2. अंग्रेजी | – | 48 |
| 3. उर्दू | – | 48 |
| 4. बंगला | – | 29 |
| 5. इतिहास | – | 70 |
| 6. राजनीति विज्ञान | – | 48 |
| 7. अर्थशास्त्र | – | 48 |
| 8. मनोविज्ञान | – | 48 |
| 9. भौतिकी | – | 29 |
| 10. रसायन शास्त्र | – | 29 |
| 11. वनस्पति विज्ञान | – | 29 |
| 12. जन्तु विज्ञान | – | 39 |
| 13. गणित | – | 48 |
| 14. वाणिज्य | – | 48 |

**स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु अर्हता**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम से स्नातक प्रतिष्ठा/सामान्य परीक्षोत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश की अर्हता रखते हैं।

**प्रवेश**

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियों के साथ महाविद्यालय कार्यालय में विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित तिथि के अन्दर स्वीकार कर विश्वविद्यालय मुख्यालय प्रेषित कर दिया जाएगा।विश्वविद्यालय से प्राप्त चयन सूची के आधार पर ही स्नातकोत्तर कक्षाओं में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम**

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम दो वर्षों का है। पाठ्यक्रम प्रतिवर्ष दो सेमेस्टर में बँटा हुआ है। यह सेमेस्टर-I, II, III तथा सेमेस्टर IV के नाम से जाना जाता है। सेमेस्टर में अलग-अलग 4-4 पत्रों की परीक्षा होगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेमेस्टर के पूर्व दो आन्तरिक परीक्षा होगी। (प्रत्येक पत्र का पूर्णांक-100) का अध्ययन करना है।

सेमेस्टर I की समाप्ति पर विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्रा ही सेमेस्टर II में प्रवेश पाने के अधिकारी होंगे।

## पुस्तकालय

**समयावधि**

महाविद्यालय पुस्तकालय सामान्यतः प्रातः 6:30 से संध्या 7:00 बजे तक खुला रहता है। पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए अलग-अलग वाचनालय की व्यवस्था है।

**पुस्तकालय के सामान्य नियम**

1. महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त सभी छात्र-छात्राएँ पुस्तकालय के स्वतः सदस्य होते हैं।
2. पुस्तकालय चूँकि अध्ययन-मनन का प्रमुख केन्द्र होता है।

अतः महाविद्यालय पुस्तकालय में हमेशा पूर्ण शान्ति का वातावरण बनाये रखना अनिवार्य है।

3. पुस्तक प्राप्ति हेतु आवेदन छात्र-छात्रा द्वारा प्रपत्र के रूप में अपराह्न 2:30 बजे तक किया जाएगा।
4. प्रत्येक संकाय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए पुस्तक प्राप्ति के लिए आवेदन देने और पुस्तक की आपूर्ति का दिन निर्धारित है।
5. महाविद्यालय पुस्तकालय से छात्र-छात्राएँ पुस्तक एक सप्ताह के लिए निर्गत करा सकते हैं।
6. छात्र-छात्रा के द्वारा निश्चित अवधि के अन्दर पुस्तकें नहीं लौटाये जाने पर प्रतिदिन निर्धारित दर से विलम्ब शुल्क देय होगा।
7. महाविद्यालय पुस्तकालय की पुस्तकें अपने नाम से निर्गत कराने के उपरान्त कोई भी छात्र-छात्रा किसी दूसरे को कदापि नहीं दे सकता है।
8. पुस्तकालय में पुस्तकों के चयन के लिए छात्र-छात्राएँ कैटलॉग कार्ड का सहयोग ले सकते हैं।
9. महाविद्यालय पुस्तकालय की कोई भी पत्र-पत्रिका छात्र-छात्राओं को ले जाने की अनुमति नहीं है।
10. महाविद्यालय पुस्तकालय के सभी नियमों, विधानों एवं समय-समय पर महाविद्यालय प्रशासन/ पुस्तकाध्यक्ष/ पुस्तकालय प्रभारी के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अनिवार्य है।
11. महाविद्यालय पुस्तकालय ग्रीष्मावकाश एवं पूजावकाश में भी (विशेष स्थिति को छोड़कर) खुला रहता है। जरूरतमन्द छात्र-छात्राओं के सदुपयोग के लिए पुस्तकालय की अन्य सुविधाएँ आवश्यकतानुसार उपलब्ध हैं।

## छात्रावास

छात्रों की सुविधा के लिए महाविद्यालय में दो छात्रावास (महाविद्यालय छात्रावास एवं राजकीय पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास) है। केवल छात्रों को ही छात्रावासों में प्रवेश दिया जाता है। दोनों ही छात्रावासों में इसी महाविद्यालय के शिक्षक छात्रावास अधीक्षक नियुक्त होते हैं।

### प्रवेश

छात्रावास में प्रवेश हेतु छात्रावास अधीक्षक के द्वारा आवेदन आमंत्रित करने पर विहित प्रपत्र में वांछित अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन करना होगा। आवेदित सभी अभ्यर्थियों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराना संभव नहीं है। अतएव मेधा के आधार पर छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा।

### छात्रावास के सामान्य नियम

1. छात्रावास में प्रवेश महाविद्यालय के नियमों के अनुसार होगा तथा नियमानुसार छात्रावास शुल्क लगेगा।
2. प्रत्येक छात्र को प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग आवेदन देना होगा एवं उसी के आधार पर नामांकन भी नियमानुसार किया जाएगा।
3. छात्रावास में अध्ययन की अवधि निर्धारित है। प्रत्येक छात्र के लिए इसका पालन करना अनिवार्य होगा।
4. छात्रावास में रहने वाले प्रत्येक छात्र की रात्रिकालीन उपस्थिति अनिवार्य है। विशेष परिस्थिति में छात्रावास अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर ही वे बाहर जा सकते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
5. छात्रावास में मेस की सुविधा छात्रों के सहयोग से संचालित की जाती है।
6. छात्रावास की किसी भी स्थायी या अस्थायी सम्पत्ति की सुरक्षा का दायित्व छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों का है। छात्रावास की सम्पत्ति को नुकसान या क्षति पहुँचाने की स्थिति में संबंधित छात्र से इसकी क्षतिपूर्ति दण्ड सहित वसूल की जाएगी। साथ ही साथ महाविद्यालय प्रशासन विशेष अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए भी स्वतंत्र है।
7. छात्रावास में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने और शैक्षणिक वातावरण को निरंतर जारी रखने का दायित्व प्रत्येक छात्र का है।इसे भंग करने की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
8. छात्रावास परिसर के अन्दर अवांछित तत्त्वों का प्रवेश और अवांछित पदार्थों को रखना निषिद्ध है।
9. छात्रावास परिसर को स्वच्छ, साफ-सुथरा एवं प्रदूषणमुक्त रखना स्वास्थ्यकर है। अतएव इसका पालन करना प्रत्येक छात्र का दायित्व है।
10. छात्रावास में रहने वाले छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रावास के नियमों का अक्षरशः पालन करेंगे।





## शुल्क तालिका — अन्तःस्थ स्नातक एवं स्नातक कक्षा

### (क) प्रवेश शुल्क व मासिक शिक्षण शुल्क

| | रु० पै० |
|---|---|
| अन्तःस्थ कला एवं वाणिज्य | 8.75 |
| अन्तःस्थ विज्ञान | 9.75 |
| स्नातक कला एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) | 10.75 |
| स्नातक विज्ञान | 11.75 |

### (ख) विविध शुल्क (एक सत्र के लिए)

| | |
|---|---|
| साइकिल शेड | 3.00 |
| महाविद्यालय पत्रिका | 5.00 |
| छात्रसंघ | 3.00 |
| छात्र सहायता कोष | 1.00 |
| महाविद्यालय परीक्षा | 10.00 |
| बिजली | 10.00 |
| कॉमन रूम | 4.00 |
| क्रीड़ा | 8.00 |
| ललित कला परिषद् | 1.00 |
| चिकित्सा जाँच | 1.00 |
| परिचय पत्र | 6.00 |
| राष्ट्रीय सेवा योजना | 20.00 |
| कुल | 72.00 |

### (ग) महाविद्यालय विकास शुल्क (प्रति सत्र)

| | रु० पै० |
|---|---|
| इन्टर | 75.00 |
| स्नातक | 100.00 |

### (घ) लाइब्रेरी कॉशन मनी

| | |
|---|---|
| इन्टर | 5.00 |
| स्नातक | 5.00 |

### (ड) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना (उच्च माध्यमिक)

| | |
|---|---|
| सूचीकरण शुल्क | मि०वि०प०स० (उच्च |
| आव्रजन शुल्क | मा०) के नियमानुसार |
| परीक्षा शुल्क | ,, |

## (च) विश्वविद्यालय शुल्क जो वि. वि. के निर्देशानुसार नामांकन के समय महाविद्यालय में जमा लिये जायेंगे

| | |
|---|---|
| पंजीयन शुल्क | विश्वविद्यालय के नियमानुसार |
| आव्रजन शुल्क (जहाँ लागू हो) | ,, |
| क्रीड़ा शुल्क | ,, |
| विज्ञापन शुल्क | |
| परीक्षा शुल्क | |

## (छ) प्रेषण शुल्क 50.00

# शुल्क तालिका — स्नातकोत्तर कक्षा

## (क) प्रवेश शुल्क व मासिक शिक्षण शुल्क

| | रु० पै० |
|---|---|
| कला एवं वाणिज्य | 13.00 |
| विज्ञान | 15.00 |

## (ख) विविध शुल्क (एक सत्र के लिए)

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय पत्रिका | वि० वि० द्वारा निर्धारित शुल्क सेवा |
| छात्रसंघ | |
| छात्र सहायता कोष | |
| महाविद्यालय परीक्षा | |
| बिजली | |
| कॉमन रूम | |
| क्रीड़ा | |
| ललित कला परिषद् | |
| चिकित्सा जाँच | |
| परिचय पत्र | |
| राष्ट्रीय सेवा योजना | |

## (ग) महाविद्यालय विकास शुल्क (प्रति सत्र)

| | रु० पै० |
|---|---|
| महाविद्यालय विकास शुल्क | वि० वि० द्वारा निर्धारित शुल्क सेवा |
| विज्ञान विकास शुल्क (सिर्फ विज्ञान के छात्रों के लिए) | |

## ( घ ) कॉशन मनी

| | |
|---|---|
| लाइब्रेरी कॉशन मनी | वि० वि० निर्णयानुसार |
| लेबोरेटरी कॉशन मनी (सिर्फ विज्ञान के छात्रों के लिए) | |

## ( ङ ) विश्वविद्यालय शुल्क जो वि. वि. के निर्देशानुसार नामांकन के समय महाविद्यालय में जमा लिये जायेंगे ।

| | |
|---|---|
| पंजीयन शुल्क | वि० वि० द्वारा |
| आव्रजन शुल्क (जहाँ लागू हो) | निर्धारित शुल्क क्षे० |
| क्रीड़ा शुल्क | होगा |
| विज्ञापन शुल्क | |
| परीक्षा शुल्क | ,, |

## ( च ) प्रेषण शुल्क 100.00

**द्रष्टव्य**

1. उपर्युक्त शुल्कों के अतिरिक्त बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सूचीकरण प्रपत्र/पंजीयन प्रपत्र, परीक्षा प्रपत्र एवं प्रव्रजन प्रपत्रादि का मूल्य एवं परीक्षा शुल्क अलग से देय है।
2. उपर्युक्त सभी तरह के शुल्कों में परिवर्त्तन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/विश्वविद्यालय का निर्देश प्राप्त होने पर किया जा सकता है।
3. कॉशन मनी पाठ्यक्रम की समाप्ति एवं महाविद्यालय छोड़ने पर छात्र–छात्रा द्वारा आवेदन करने पर लौटा दिया जाता है।
4. किसी भी तरह के आवेदन का अग्रसारण हेतु अग्रसारण शुल्क पूर्ववर्त्ती छात्रों के 50/– (पचास रु०)

## महाविद्यालय छात्रावास की शुल्क तालिका ( मासिक )

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीट रेन्ट | 15.00 | विविध शुल्क | 35. 00 |
| बिजली | 20.00 | कॉशन मनी | 200. 00 |

(यह छात्रावास छोड़ने पर वापस कर दिया जाता है।)




# अन्यान्य

## व्यावसायिक शिक्षा

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होनेवाले नव-प्रवर्तन को देखते हुए सत्र 2007-10 से एक स्ववित्त सम्पोषित Six Semester / Three year's Bachelor of Computer Application Course (BCA) प्रारम्भ किया गया है। सुसज्जित कम्प्यूटर लैब और सचेष्ट शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से इसका उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। उसी सत्र से यहाँ Bachelor of Business Administration (BBA) भी प्रारम्भ किया गया है। महाविद्यालय के पुस्तकालय के अतिरिक्त BCA तथा BBA के छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग विभागीय पुस्तकालय तथा अन्यान्य सुविधाओं की व्यवस्था है।

## क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक गतिविधि



अध्ययन-अध्यापन की तरह ही यह महाविद्यालय खेल-कूद के क्षेत्र में भी हमेशा से अग्रणी रहा है। यहाँ के छात्रों ने न सिर्फ प्रान्तीय बल्कि राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। महाविद्यालय में Outdoor तथा Indoor- दोनों तरह के खेलों के लिए पर्याप्त व्यवस्था है। महाविद्यालय में समय-समय पर सेमिनार, वर्कशॉप, विचार गोष्ठियाँ, कवि-सम्मेलन आदि आयोजित होते रहते हैं। कला तथा संस्कृति से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कला एवं सांस्कृतिक परिषद् के सदस्य तत्पर रहते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) "NOT ME BUT YOU"

Ministry of Youth Affairs द्वारा प्रवर्तित "राष्ट्रीय सेवा योजना" (National Service Scheme) इस महाविद्यालय में 1971 से ही चल रही है। छात्र-छात्राओं को अपने बौद्धिक विकास के साथ-साथ अपने समाज के प्रति भी सचेष्ट होना चाहिए। छात्रों को समाज की आर्थिक-सामाजिक अक्षमताओं को चिह्नित कर उनके प्रति न केवल वैचारिक सहानुभूति रखनी चाहिए, बल्कि उनके प्रति उन्हें कुछ रचनात्मक कार्य भी करना चाहिए।" शिक्षण-प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक क्रियान्वयन के स्तर पर ठोस कार्यानुभव छात्रों के चारित्रिक विकास को पूर्णता प्रदान करता है। वर्त्तमान में महाविद्यालय में NSS की तीन इकाइयाँ हैं। प्रत्येक में एक सौ की संख्या निर्धारित है। यहाँ के छात्र-स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय, प्रान्तीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सार्थक सहभागिता सुनिश्चित की है।

## NCC



इस महाविद्यालय में NCC की इकाई भी स्थापित है। इच्छुक छात्र-छात्राएँ इसमें भी भाग ले सकते हैं। NCC (प्रमाण-पत्र) धारक अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा प्राप्ति में अधिभार अंक दिये जाते हैं।

## इग्नू (IGNOU)

दूरस्थ क्षेत्रों और द्वार-द्वार तक उच्चस्तरीय वृत्तिक, व्यावसायिक तथा परम्परागत शिक्षा को पहुँचाने के लिए 1985 में इग्नू (Indira Gandhi National Open University) की स्थापना की गयी थी। आयु, क्षेत्र अथवा औपचारिक शिक्षा तथा नियमित उपस्थिति का विचार किये बिना, शिक्षा सुलभ कराना इसका मूल उद्देश्य है।

# Our Patron




**Dr. A.K. Ray**
Hon'ble Vice-Chancellor



We strive for ....
'Sa Vidya ya Vimuktaye'
'The Education that Liberates.'

# DARSHAN SAH COLLEGE


**Katihar, Bihar**

Ph. : 06452-247062 (O) : 247693 (R)
E-mail : dscollege53@yahoo.com
Website : www.dscollegekatihar.in



सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

डी. एस. कॉलेज विस्तार पटल, कटिहार
D.S.College Ext. Counter, Katihar

नोट : महाविद्यालय परिसर में बैंक की सुविधा उपलब्ध है।



*Design & Printed by* : PRINT MART INDIA PVT. LTD. : # 09304076527, 0612-3261500